राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

महाराणा प्रताप देश भक्ति और स्वाभिमान के मिशाल

जयपुर, 24 मई । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि महाराणा प्रताप स्वतंत्रता के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले पराक्रमी पुरूष थे। महाराणा प्रताप स्वाभिमानी, देशभक्ति और शूरवीरता के मिशाल थे। नई पीढ़ी को उनके गुणों को अनुशीलन करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा है कि महाराणा प्रताप की वीरता ऐसी थी कि उनके दुश्मन भी उनके युद्ध–कौशल के कायल थे। इस योद्धा ने साधन सीमित होने पर भी दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाया और जंगल के कंद–मूल खाकर लड़ते रहे।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल